लोक सभा अध्यक्ष ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डी आर डी ओ) द्वारा आयोजित देश में ही विकसित रक्षा और प्रौद्योगिकी उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, 3 अगस्त, 2016 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने आज संसदीय ज्ञानपीठ में देश में ही विकसित विभिन्न रक्षा और प्रौद्योगिकी उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा 3 से 5 अगस्त 2016 तक आयोजित की जा रही इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में ब्रह्मोस मिसाइल, मेन बैटल टैंक 'अर्जुन', ए ई डब्ल्यू एंड सी (एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कण्ट्रोल सिस्टम), मल्टी बैरल राकेट लांचर 'पिनाक', दूर से संचालित किये जा सकने वाले वाहन, एन बी सी रेकी वाहन, व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म (डब्ल्यू एच ए पी), लेज़र ऑर्डनेन्स डिस्पोजल सिस्टम (लॉर्ड्स), वरुणास्त्र तारपीडो, मोबाइल आटोमेटिक रोबोटिक सिस्टम (मार्स), विभिन्न प्रकार के राडारों सहित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की विभिन्न प्रयोगशालाओं द्वारा विकसित अनेक आधुनिकतम रक्षा प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और प्रणालियों तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा देश में ही विकसित अन्य उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा है।

केंद्रीय रक्षा मंत्री, श्री मनोहर पर्रिकर; लोक सभा के उपाध्यक्ष, डॉ. एम तंबिदुरै; अन्य केंद्रीय मंत्रियों; संसद सदस्यों; पूर्व संसद सदस्यों और अन्य विशिष्टजनों ने उद्घाटन समारोह में भाग लिया । रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद थे।